# कार्यालय,प्राचार्य अग्रणी शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम (म0प्र0)

फोन/फैक्स : 07574-254072
महाविद्यालय कोड - 3202

ईमेल : heghsgpgchos@mp.gov.in
महाविद्यालय वि.वि. कोड - 147

www.mp.gov.in/highereducation/ hoshangabad

NAAC Grade - B++


क्रमांक 1560 / स्था. / 2025 नर्मदापुरम, दिनाँक 13/06/2025

**विषय :– पुस्तकें कय हेतु निविदा आमंत्रण ।**

इस महाविद्यालय एवं पाल्य महाविद्यालयों के ग्रंथालय हेतु विज्ञान, कला, वाणिज्य, विधि गृहविज्ञान व अन्य विषयों की पुस्तकों का कय किया जाना है । पुस्तक विक्रेता एवं प्रकाशक अपने भाव–पत्र निम्न बिन्दुओं को स्पष्ट करते हुए सील बंद लिफाफे में विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 21 दिवस में कार्यालय प्राचार्य शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम के नाम से प्रस्तुत करें ।

**पुस्तकें :–**

1. स्वयं के प्रकाशन की पुस्तकें – पेपर बैंक / हार्ड वाउण्ड संस्करण
2. अन्य प्रकाशन की पुस्तकें – पेपर बैंक / हार्ड वाउण्ड संस्करण
3. विदेशी प्रकाशन की पुस्तकें – पेपर बैंक / हार्ड वाउण्ड संस्करण
4. शासकीय प्रकाशन की पुस्तकें – पेपर बैंक / हार्ड वाउण्ड संस्करण

**निविदा की शर्ते :–**

1. कय आदेश तिथि से वांछित सामग्री का प्रदाय करने का समय 21 दिवस होगा ।
2. सामग्री का प्रदाय एफ.ओ.आर. नर्मदापुरम होगा ।
3. सामग्री नवीन संस्करण की तथा कय आदेश के अनुसार ही प्रदाय करनी होगी । पुस्तकें कय आदेश से भिन्न होने पर मान्य नहीं होगी ।
4. सामग्री क्षतिग्रस्त या त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर वापस कर दी जावेगी । इस पर होने वाला व्यय आपके द्वारा वहन किया जावेगा ।
5. सामग्री पर मुद्रित मूल्य ही मान्य होगा । स्टीकर लेबल चिपका हुआ मूल्य मान्य नहीं किया जावेगा । सामग्री पर मूल्य अंकित नहीं होने पर प्रकाशन की मूल सूची प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा ।
6. वाणिज्य कर का पंजीयन आवश्यक है ।
7. निविदा स्वीकृत होने वाले पुस्तक विक्रेता को दी गई समय सीमा के अन्दर स्वीकृत दरों पर सूची के अनुसार आदेश की पूर्ति करना होगा । ऐसा न करने पर कय आदेश स्वमेव निरस्त माना जावेगा तथा महाविद्यालय कमिक निविदाकर्ता को आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगा ।
8. आपका भाव–पत्र 30.04.2026 तक वैध रहेगा ।
9. निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाही निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा ।
10. प्राचार्य को कय आदेश निरस्त करने का अधिकार होगा ।

अतिथि ग्रंथपाल ग्रंथालय प्रभारी प्राचार्य

प्राचार्य
शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय
नर्मदापुरम (म.प्र.)